MAULANA AZAD NATIONAL URDU UNIVERSITY
I – SEMESTER EXAMINATIONS, December, 2023
PROGRAMME : M.A. (HINDI)
SEMESTER : I
Title & paper code : MAHN101CCT AADHUNIK HINDI KAVYA (PART-1, UPTO 1936)
TIME: 3 HOURS **TOTAL MARKS: 70**

सूचनाएँ:- यह प्रश्न पत्र तीन भागों में विभाजित हैं। भाग - I, भाग- II और भाग - III.
प्रत्येक प्रश्न के उत्तर निर्धारित शब्दों में दीजिए।
भाग-I प्रत्येक प्रश्न का उत्तर <u>एक शब्द या एक वाक्य</u> में दीजिए। 10 X 1 = 10
भाग-II. निम्नलिखित आठ प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 **शब्दों में देना अनिवार्य है।** 5 X 6 = 30
भाग-III. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 **शब्दों मे देना अनिवार्य है।** 3 X 10 = 30

<u>भाग - I</u>

1. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर <u>एक शब्द या एक वाक्य</u> में दीजिए।** 10 X 1 = 10

i) "कहाँ करुणा निधि केशव सोये" इस कविता के कवि कौन है?
ii) कामायनी में श्रद्धा किसकी प्रतीक है?
iii) 'राम की शक्ति पूजा' में शक्ति की पूजा के लिए कितने कमल रखे गए थे?
iv) महादेवी वर्मा हिंदी साहित्य के किस काव्यधारा की कवयित्री हैँ?
v) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म किस वर्ष में हुआ?
vi) 'सरोज स्मृति' किसकी रचना है?
vii) "यशोधरा" किसकी रचना है?
viii) "साकेत" किस प्रकार की विधा है?
ix) "आँसू" किसकी रचना है?
x) "भारत भारती" पुस्तक का प्रकाशन वर्ष क्या है?

भाग - II

II. निम्न लिखित आठ प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में देना अनिवार्य है। **5x6= 30**

2. जयशंकर प्रसाद का जीवन परिचय दीजिए।
3. आधुनिकता और आधुनिक बोध के अर्थ को स्पष्ट कीजिए।
4. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के व्यक्तित्व को स्पष्ट कीजिए।
5. मैथिलीशरण गुप्त की साहित्यिक कृतियों पर प्रकाश डालिए।
6. छायावाद युग की काव्यगत विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
7. 'पल्लव' काव्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
8. "श्रद्धा" सर्ग के मूल उद्देश्य को समझाइए।
9. भारतेन्दुयुगीन काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

भाग –III

III . निम्न लिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में देना अनिवार्य है। **3 x10= 30**

निम्नलिखित कविताओं की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

10. कौन तुम? संसृति-जलनिधि तीर-तरंगों से फेंकी मणि एक,
कर रहे निर्जन का चुप चाप प्रभा की धारा से अभिषेक?
मधुर विश्रांत और एकांत-जगत का सुलझा हुआ रहस्य
एक करुणामय सुंदर मौन और चंचल मन का आलस्य।

11. अँग्रेजी पढ़ि के जदपि सब गुण होत प्रवीन
पै निज भाषा ज्ञान के रहत हीन के हीन।
उन्नति पूरी है तबहि जब घर उन्नति होय,
निज सरीर उन्नति किए रहत मूढ़ सब लोय।।

12. 'साकेत' के नवम सर्ग की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए।
13. 'राम की शक्ति पूजा' कविता की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।
14. महादेवी वर्मा कृत "रश्मि" काव्य संकलन का विश्लेषण दीजिए।